लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 23वां सम्मेलन (सीएसपीओसी) 9-14 जनवरी, 2016, सबाह, मलेशिया के लिए एक संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगी

नईदिल्ली, 08 जनवरी, 2016: राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों का 23वां सम्मेलन (सीएसपीओसी) 9-14 जनवरी, 2016 तक कोटा किनाबलु, सबाह, मलेशिया में आयोजित किया जाएगा । मलेशिया की संसद इस सम्मेलन का आयोजन करेगी । लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन सम्मेलन के लिए एक संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगी । शिष्टमंडल के अन्य सदस्य हैं- राज्य सभा के माननीय उप-सभापति, श्री पी.जे.कुरियन, लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शेरिफ हैं । माननीय लोक सभा अध्यक्ष रविवार, 10 जनवरी, 2016 को सीएसपीओसी की स्थायी समिति की बैठक में भारत क्षेत्र से स्थायी समिति की सदस्य के रूप में भी भाग लेंगी ।

सम्मेलन का उद्घाटन समारोह सोमवार, 11 जनवरी, 2016 को सबाह स्टेट लेजिस्लेटिव असेम्बली में आयोजित किया जाएगा । मलेशिया के प्रधानमंत्री माननीय याब दातो श्री मोहम्मद नज़ीब तुन अब्दुल रज़ाक सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे ।

निम्नलिखित विषयों पर चार कार्यशालाएं और एक विशेष पूर्ण सत्र होगा । निम्नलिखित विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगाः-

क	अध्यक्षों की स्वतंत्रता के समक्ष चुनौतियां
ख.	संसदों और उनके परिसरों की सुरक्षा में अध्यक्षों की भूमिका
ग	संसदीय विशेषाधिकार-लोकतंत्र के प्रभावी कार्यकरण की सुरक्षा
घ.	सांसदों हेतु प्रबोधन और विकास
विशेष पूर्ण सत्र	संसदीय संस्थाओं में नागरिकों का घटता विश्वास- राष्ट्रमंडल संसदें किस प्रकार विधायिकाओं में विश्वास बहाल कर सकती हैं

माननीय लोक सभा अध्यक्ष मंगलवार, 12 जनवरी, 2016 को 1015 बजे "सांसदों हेतु प्रबोधन और विकास" विषय पर एक पत्र प्रस्तुत करेंगी । माननीय लोक सभा अध्यक्ष सम्मेलन के अन्य विषयों पर चर्चाओं में भी भाग लेंगी ।

भारत की संसद ने वर्ष 1986 में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 8वें सम्मेलन और जनवरी, 2010 में नई दिल्ली में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 20वें सम्मेलन का आयोजन किया था ।